**प्रेस विज्ञप्ति**

**सॉवरेन स्वर्ण बॉन्ड योजना 2017-18 – का अगली अंशदान अवधि अर्थात् दिसंबर 4-6, 2017 के लिए इश्यू मूल्य 11 दिसंबर 2017 को निपटान के साथ 2,952 रूपये प्रति ग्राम होगा**

भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के परामर्श से 09 अक्तूबर, 2017 से 27 दिसंबर, 2017 तक (प्रत्येक सप्ताह सोमवार से बुधवार की अंशदान अवधि के साथ) की अवधि के लिए सॉवरेन स्वर्ण बॉन्ड 2017-18 की सीरीज़ III जारी की थी। ये बॉन्ड प्रत्येक अंशदान अवधि के बाद आने वाले सोमवार को जारी किए जाएंगे।

अगली अंशदान अवधि अर्थात् 4-6 दिसंबर, 2017 के लिए 11 दिसंबर, 2017 को निपटान के साथ इश्यू मूल्य 2,952 (रुपये दो हजार नौ सौ बावन मात्र) प्रति ग्राम होगा, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने 30 नवंबर, 2017 को जारी अपनी प्रेस विज्ञप्ति में भी प्रकाशित किया है।

भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों को, जो ऑन लाइन आवेदन करते है तथा डिजिटल तरीके से भुगतान करते हैं, को इश्यू मूल्य से 50 रूपये (पचास रुपये) की छूट देने का फैसला किया है।

**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**आर्थिक कार्य विभाग**
**बजट प्रभाग**
**नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली-110001**
**दिनांक: 30 नवंबर, 2017**